भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3230

दिनांक 09 अगस्त, 2021 को उत्तर देने के लिए

सरकारी क्षेत्र के उद्यमों का विनिवेश

3230. श्री एस. वेंकटेशन:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तिथि के अनुसार सरकारी क्षेत्र के महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न उद्यमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस वर्ष के दौरान विनिवेश के लिए प्रस्तावित सरकारी क्षेत्र के महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न उद्यमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) वर्ष 2020-21 में महारत्नों, नवरत्नों और मिनीरत्नों के अलावा सरकारी क्षेत्र के उद्यमों की संख्या कितनी है और कितने लाभ अर्जित कर रहे हैं ?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(डॉ. भागवत किशनराव कराड)

(क): वर्तमान में 10 महारत्न, 14 नवरत्न और 73 मिनीरत्न केंद्रीय सरकारी लोक उद्यम (सीपीएसईज़) हैं।

(ख): बजट 2021-22 में अन्य बातों के साथ-साथ एक महारत्न सीपीएसई नामत: भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, दो नवरत्न सीपीएसईज़ नामत: शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और दो मिनीरत्न सीपीएसईज़ नामत: बीईएमएल लिमिटेड और पवन हंस लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश को पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

(ग): नवीनतम उपलब्ध जानकारी के अनुसार महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न सीपीएसईज़ सहित 171 प्रचालनरत सीपीएसईज़ ने वर्ष 2019-20 के लिए शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

*****